रजिस्ट्रेशन S 37987/2000 नई दिल्ली

अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ (पंजी)

कार्यालय-ए-2/20, कोठी पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063 फोन 09711111507, 08383051835
E-mail yashpal_panchal @yahoo.co.in, yashpalpanchal1953@gmail.com, abvvsangh2000@gmail.com

यशपाल पांचाल	गणपतभाई ए पांचाल	वेदपाल पांचाल	मधुसूदन विश्वकर्मा
राष्ट्रीय अध्यक्ष	राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष	राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री	राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
9711111507	9376183160	9311501100	9718796300

पत्रांक संख्या ABVVS/130/2023 दिनाकं 17/07/2023

सेवा में,
श्री शिवराज सिह चौहान
मुख्यमत्री, मध्यप्रदेश
अरेरा हिल एम पी नगर जहांगीराबाद
भोपाल मध्यप्रदेश- 462008

विषय – भोपाल (अंबा गाँव) में आनलाइन ठगी के शिकार भूपेन्द्र विश्वकर्मा परिवार द्वारा सामूहिक आत्महत्या के मामले में सीबीआई जांच कराने वृद्ध माता पिता व परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने के संबंध में ।

महोदय,

भोपाल के रीवा जिले के अंबा गाँव निवासी स्व भूपेन्द्र विश्वकर्मा ने अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ हाल ही में आत्महत्या कर ली है। यह ऑनलाइन ठगी का मामला है। यह बहुत ही पीड़ा दायक और दर्दनाक घटना है। जिस तरह एप्स के माध्यम से लोन देने के नाम पर ठगी और ब्लैकमेलिंग कर पूरे परिवार को आत्महत्या के लिए मजबूर कर देने वाली घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ रहीं हैं यह चिंता जनक है। ऐसी घटना आए दिन पढ़ने/ सुनने को मिल जाती है और किसी भी समाज में घटित हो सकती है। इस तरह के मामलों में सरकार को कठोर निर्णय लेना होगा ताकि इस तरह के आनलाइन फ्रॉड पर लगाम लगे।

महोदय, रीवा जिले के अंबा गाँव निवासी स्व भूपेन्द्र विश्वकर्मा के परिवार की सामूहिक आत्महत्या के बाद से गाँव व आसपास के क्षेत्र में अत्यंत गमगीन माहोल है। मृतक स्व भूपेन्द्र विश्वकर्मा के परिवार में उसके आश्रित वृद्ध माता पिता व अन्य परिजनो के लिए यह घटना किसी वज्रपात से काम नहीं। स्व भूपेन्द्र विश्वकर्मा गाँव में रहने वाले अपने पूरे परिवार के अकेले आर्थिक संबल थे। आपसे निवेदन है कि आश्रित पीड़ित परिवार जनों को जीवनयापन के लिए आर्थिक सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए तथा घटना की जांच कर अपराधियों को सजा दिलाई जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

सधन्यवाद

यशपाल पांचाल
(यशपाल पांचाल)
राष्ट्रीय अध्यक्ष